राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: <u>प्रेस–नोट</u> :–

दिनांक : 22.09.2016

आयोग द्वारा **कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार प्रतियोगी पुनः परीक्षा, 2013** दिनांक 04.10.2016 (मंगलवार) को राजस्थान के समस्त जिला मुख्यालयों पर दो सत्रों में प्रातः 10.00 बजे से 12.30 बजे तक एवं दोपहर 2.30 बजे से 5.00 बजे तक आयोजित की जा रही है।

उक्त परीक्षा के प्रवेश–पत्र मय उपस्थिति–पत्र के आयोग के वेब लिंक https://rpsc.rajasthan.gov.in/applyonline/admissionCard पर अपलोड कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग के वेबपोर्टल से आवेदन–पत्र क्रमांक (Application I.D.) से डाउनलोड कर परीक्षा केन्द्र पर एक पासपोर्ट साईज फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र (Original Photo I.D. Card) अपने साथ अवश्य लेकर आवे अन्यथा परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। परीक्षा केन्द्र पर रिस्ट वॉच/मोबाईल/अन्य इलेक्ट्रोनिक सामग्री लेकर नहीं आवें।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर नाम, पिता का नाम, जन्म दिनांक एवं वर्ग (Category) चैक कर लेवें, यदि उनमें किसी प्रकार का संशोधन किया जाना है तो परीक्षा दिनांक तक प्रार्थना पत्र के साथ रू. 300/– का पोस्टल ऑर्डर संलग्न कर आयोग कार्यालय को प्रेषित करें। परीक्षा दिनांक पश्चात् संशोधन संबंधी किसी भी प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

(भगवत सिंह राठौड़)
उप सचिव